**NEWS CLIPPING:05.12.2021**

# THE IMPRESSIVE TIMES

# JC Bose University introduced 'flexible' exams to meet student's concern


Manish Kumar
info@impressivetimes.com




**FARIDABAD :** Resolving the major concern of students for examination amid present situation by adopting innovative approach, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has introduced flexible examination system which will prove to be an innovation towards student friendly approach of the University that will also meet student's concern for examination as well as ensure the quality and sanctity of examination. The flexible examination system will provide the students with an option to opt for offline examination (subjective mode) or online examination (MCQ based) at the notified Examination Centres. The student will have to opt for the mode of examination in writing by December 8, 2021. The weight-age of these exams will be 25 per cent of total assessment. The University is conducting its end-semester examination from December 15, 2021. Further, considering the problem of outstation students in respect to inability to commute to their Institution for appearing in the examination, the University has also decided that the examination for those students who belongs to other States except Delhi/ NCR and Haryana or are COVID Patient/ Quarantined, their examination will be conducted later on as and when feasible. The decision to this effect has been taken in the meeting of all deans, chairpersons and senior officials of the University chaired by the Vice Chancellor Sh Raj Nehru to resolve the students concerns expressed by them through various representations. Earlier, the University had announced to conduct MCQ based online examination at notified Examination Centres. Later, a lot of students again requested to conduct exams in offline subjective mode. The decision of flexible mode of examination by the University is an innovative milestone in the examination system and will give more empowerment to the student community in coming days', said the Vice Chancellor Sh Raj Nehru.

> **THE FLEXIBLE EXAMINATION SYSTEM WILL PROVIDE THE STUDENTS WITH AN OPTION TO OPT FOR OFFLINE EXAMINATION (SUBJECTIVE MODE) OR ONLINE EXAMINATION (MCQ BASED) AT THE NOTIFIED EXAMINATION CENTRES.**

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:05.12.2021**

# PIONEER

## परीक्षाओं को सुविधाजनक बनाएगी जेसी बोस की व्यवस्था



जेसीबोस विवि में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते कुलपति राज नेहरू।

### लचीली' परीक्षा व्यवस्था से विद्यार्थी सशक्त होंगे, गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी

**फरीदाबाद।** कोरोना महामारी से उत्पन्न हालातों में परीक्षाओं को लेकर छात्रों की समस्याओं का समाधान करते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 'लचीली' परीक्षा प्रणाली की शुरुआत कर एक नई पहल की है। 'लचीली' परीक्षा व्यवस्था छात्रों के हित एक अभिनव दृष्टिकोण है जो वर्तमान परिस्थितियों में परीक्षा को लेकर छात्रों की चिंताओं का निवारण करेगी। साथ ही, शिक्षा और परीक्षा के गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करेगी।

लचीली परीक्षा व्यवस्था में छात्रों को अधिसूचित परीक्षा केंद्रों पर ऑफलाइन परीक्षा (सब्जेक्टिव मोड) या ऑनलाइन परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्न - एमसीक्यू आधारित) देने का विकल्प प्रदान किया गया है। इसके लिए विद्यर्थियों को 8 दिसंबर, 2021 तक लिखित रूप में परीक्षा के विकल्प का चयन करना होगा। इन परीक्षाओं का अधिमान (वेटेज) कुल मूल्यांकन का 25 प्रतिशत होगा। उल्लेखनीय है कि विश्ववद्यालय 15 दिसंबर से अपनी अंतिम सेमेस्टर परीक्षा आयोजित कर रहा है। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने में असमर्थता जता रहे बाहरी राज्यों के विद्यार्थियों को राहत देते हुए विवि ने निर्णय लिया है कि दिल्ली, एनसीआर और हरियाणा को छोड़कर अन्य राज्यों से संबंधित सभी छात्रों और ऐसे छात्रों जो कोविड या क्वारेंटाइन हैं, के लिए परीक्षाएं बाद में आयोजित की जाएगी।ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल न हो पाने की सूचना विवि की परीक्षा शाखा को संबंधित शिक्षण विभागों या संबद्ध कालेजों के माध्यम से 8 दिसंबर, 2021 तक लिखित रूप में देनी होगी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:05.12.2021**

# PUNJAB KESARI

## परीक्षाओं को सुविधाजनक बनाएगी जेसी बोस विश्वविद्यालय की 'लचीली' परीक्षा व्यवस्था

- विद्यार्थियों के लिए ऑफलाइन व ऑनलाइन परीक्षा का विकल्प
- कोविड पीड़ित व बहारी राज्यों के विद्यार्थी बाद में दे सकेंगे परीक्षा



*विश्वविद्यालय में डीन, विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों की बैठक लेते हुए कुलपति राज नेहरू।*

फरीदाबाद, 4 दिसम्बर (पूजा शर्मा): कोरोना से उत्पन्न हालातों में परीक्षाओं को लेकर छात्रों की समस्याओं का समाधान करते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 'लचीली' परीक्षा प्रणाली की शुरूआत कर एक नई पहल की है। 'लचीली' परीक्षा व्यवस्था छात्रों के हित एक अभिनव दृष्टिकोण है जो वर्तमान परिस्थितियों में परीक्षा को लेकर छात्रों की चिंताओं का निवारण करेगी तथा इसके साथ ही, शिक्षा व परीक्षा के गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करेगी। लचीली परीक्षा व्यवस्था में छात्रों को अधिसूचित परीक्षा केंद्रों पर ऑफलाइन परीक्षा (सब्जेक्टिव मोड) या ऑनलाइन परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्न-एमसीक्यू आधारित) देने का विकल्प प्रदान किया गया है।

इसके लिए विद्यर्थियों को 8 दिसंबर, 2021 तक लिखित रूप में परीक्षा के विकल्प का चयन करना होगा। इन परीक्षाओं का अधिमान (वेटेज) कुल मूल्यांकन का 25 प्रतिशत होगा। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय 15 दिसंबर, 2021 से अपनी अंतिम सेमेस्टर परीक्षा आयोजित कर रहा है।

इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने में असमर्थता जता रहे बाहरी राज्यों के विद्यार्थियों को राहत देते हुए विश्वविद्यालय ने निर्णय लिया है कि दिल्ली/एनसीआर और हरियाणा को छोड़कर अन्य राज्यों से संबंधित सभी छात्रों तथा ऐसे छात्रों जो कोविड या क्वारंटाइन है, के लिए परीक्षाएं बाद में आयोजित की जायेगी। ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल न हो पाने की सूचना विश्वविद्यालय को परीक्षा शाखा को संबंधित शिक्षण विभागों या संबद्ध कालेजों के माध्यम से 8 दिसंबर, 2021 तक लिखित रूप में देनी होगी। सूचना के साथ विद्यार्थियों को वैध निवास प्रमाण तथा चिकित्सा प्रमाण पत्र (कोविड मामलों में) के साथ लगाना होगा।

यह निर्णय कुलपति राज नेहरू की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में लिया गया है, जोकि विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा को लेकर प्रस्तुत विभिन्न अभ्यावेदनों पर विचार करने के लिए आयोजित की गई थी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, विश्वविद्यालय ने अधिसूचित परीक्षा केंद्रों पर बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की थी।

**NEWS CLIPPING:05.12.2021**

# AAJ SAMAJ

परीक्षा की गुणवत्ता होगी सुनिश्चित : कुलपति राज नेहरू

## कोविड पीड़ित व बाहरी राज्यों के विद्यार्थी बाद में दे सकेंगे परीक्षा

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** कोरोना महामारी से उत्पन्न हालातों में परीक्षाओं को लेकर छात्रों की समस्याओं का समाधान करते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने ह्यलचीलीह्न परीक्षा प्रणाली की शुरूआत कर एक नई पहल की है। ह्यलचीलीह्न परीक्षा व्यवस्था छात्रों के हित एक अभिनव दृष्टिकोण है जो वर्तमान परिस्थितियों में परीक्षा को लेकर छात्रों की चिंताओं का निवारण करेगी तथा इसके साथ ही, शिक्षा व परीक्षा के गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करेगी।

लचीली परीक्षा व्यवस्था में छात्रों को अधिसूचित परीक्षा केंद्रों पर ऑफलाइन परीक्षा (सब्जेक्टिव मोड) या ऑनलाइन परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्न - एमसीक्यू आधारित) देने का विकल्प प्रदान किया गया है। इसके लिए विद्यार्थियों को 8 दिसंबर, 2021 तक लिखित रूप में परीक्षा के विकल्प का चयन करना होगा। इन परीक्षाओं का अधिमान (वेटेज) कुल मूल्यांकन का 25 प्रतिशत होगा। उल्लेखनीय है



कि विश्वविद्यालय 15 दिसंबर, 2021 से अपनी अंतिम सेमेस्टर परीक्षा आयोजित कर रहा है। वहीं परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने में असमर्थता जता रहे बाहरी राज्यों के विद्यार्थियों को राहत देते हुए विश्वविद्यालय ने निर्णय लिया है कि दिल्ली/एनसीआर और हरियाणा को छोडकर अन्य राज्यों से संबंधित सभी छात्रों तथा ऐसे छात्रों जो कोविड या क्वारंटाइन है, के लिए परीक्षाएं बाद में आयोजित की जायेगी। ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल न हो पाने की सूचना विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा को संबंधित शिक्षण विभागों या संबद्ध कालेजों के माध्यम से 8 दिसंबर, 2021 तक लिखित रूप में देनी होगी।

सूचना के साथ विद्यार्थियों को वैध निवास प्रमाण तथा चिकित्सा प्रमाण पत्र (कोविड मामलों में) के साथ लगाना होगा। यह निर्णय कुलपति राज नेहरू की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में लिया गया है, जोकि विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा को लेकर प्रस्तुत विभिन्न अभ्यावेदनों पर विचार करने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाहरी राज्यों के ऐसे छात्र जो परीक्षाएं देना चाहते है, वे अधिसूचित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं दे सकते है, जिसके लिए उन्हें ऑफलाइन या ऑनलाइन परीक्षा का विकल्प चुनना होगा।

इसके साथ ही, उन्हें संबंधित संस्थानों में छात्रावास की सुविधा के लिए भी अनुरोध करना होगा। परीक्षा के दौरान बाहरी राज्यों के सभी छात्रों को छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाएगी।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:05.12.2021**

# DAINIK BHASKAR

## विद्यार्थियों के लिए ऑफलाइन व ऑनलाइन परीक्षा का विकल्प

# कोविड पीड़ित और बाहरी राज्यों के स्टूडेंट बाद में दे सकेंगे परीक्षा

**फरीदाबाद** | कोरोना महामारी से उत्पन्न हालातों में परीक्षाओं को लेकर छात्रों की समस्याओं का समाधान करते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने 'लचीली' परीक्षा प्रणाली की शुरूआत कर एक नई पहल की है। 'लचीली' परीक्षा व्यवस्था छात्रों के हित एक अभिनव दृष्टिकोण है जो वर्तमान परिस्थितियों में परीक्षा को लेकर छात्रों की चिंताओं का निवारण करेगी तथा इसके साथ ही शिक्षा व परीक्षा के गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करेगी। यह निर्णय कुलपति राज नेहरू की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में लिया गया। लचीली परीक्षा व्यवस्था में छात्रों को अधिसूचित परीक्षा केंद्रों पर ऑफलाइन परीक्षा (सब्जेक्टिव मोड) या ऑनलाइन परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्न - एमसीक्यू आधारित) देने का विकल्प प्रदान किया गया है। इसके लिए विद्यार्थियों को 8 दिसंबर तक लिखित रूप में परीक्षा के विकल्प का चयन करना होगा। इन परीक्षाओं का अधिमान (वेटेज) कुल मूल्यांकन का 25 प्रतिशत होगा। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय 15 दिसंबर से अपनी अंतिम सेमेस्टर परीक्षा आयोजित कर रहा है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने में असमर्थता जता रहे बाहरी राज्यों के विद्यार्थियों को राहत देते हुए विश्वविद्यालय ने निर्णय लिया है कि दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा को छोड़कर अन्य राज्यों से संबंधित सभी छात्रों तथा ऐसे छात्र जो कोविड या क्वारेंटाइन है, उनके लिए परीक्षाएं बाद में आयोजित की जाएंगी।

**NEWS CLIPPING:05.12.2021**

# NAVBHARAT TIMES

## छात्रों की मर्जी, ऑनलाइन एग्जाम दें या ऑफलाइन

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) ने छात्रों को अधिसूचित केंद्रों पर ऑफलाइन या ऑनलाइन परीक्षा देने का विकल्प दिया है। छात्रों को 8 दिसंबर तक विकल्प का चयन करना होगा। निर्णय कुलपति राज नेहरू की अध्यक्षता में बैठक में लिया हुआ।

**NEWS CLIPPING:05.12.2021**

## HINDUSTAN

# ऑनलाइन-ऑफलाइन परीक्षा दे सकेंगे छात्र

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने छात्रों की सहूलियत के लिए लचीली परीक्षा प्रणाली की शुरूआत की है। इसके तहत छात्रों को परीक्षा केंद्रों पर ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों तरीके से परीक्षा देने का विकल्प मिलेगा। कुलपति राज नेहरू की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में ये फैसला लिया गया है।

योजना के तहत छात्र ऑफलाइन परीक्षा सब्जेक्टिव मोड में दे सकेंगे। इसके साथ ही ऑनलाइन परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित देने का विकल्प भी खुला रहेगा। संस्थान के मुताबिक कोरोना महामारी के चलते से पैदा हुए हालातों के बीच छात्रों की परेशानी दूर करने को ये योजना बनाई है। संस्थान की ओर से 15 दिसंबर से अंतिम सेमेस्टर परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस आने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को आठ दिसंबर तक लिखित रूप में परीक्षा के विकल्प का चयन करना होगा। इन परीक्षाओं का वेटेज कुल मूल्यांकन का 25 फीसदी रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने में असमर्थता जता रहे बाहरी राज्यों के छात्रों को राहत देते हुए विश्वविद्यालय ने फैसला लिया है कि दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा को छोड़कर अन्य राज्यों से संबंधित सभी कोविड़ पीड़ित या ऐसे छात्र जो क्वारंटाइन है उनके लिए परीक्षाएं बाद में आयोजित की जाएगी।

**NEWS CLIPPING:05.12.2021**

# AMAR UJALA

# विद्यार्थियों के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन परीक्षा का विकल्प

अमर उजाला ब्यूरो

**जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने परीक्षा प्रणाली में बदलाव किया**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने परीक्षा प्रणाली में बदलाव किया है। पहले ऑनलाइन करने की योजना थी लेकिन ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों का विकल्प दिया गया है। इसे 'लचीली' परीक्षा प्रणाली के तहत एक नई पहल बताया गया है। इस परीक्षा में करीब सात हजार छात्र शामिल होंगे।

लचीली परीक्षा व्यवस्था में छात्रों को अधिसूचित परीक्षा केंद्रों पर ऑफलाइन परीक्षा (सब्जेक्टिव मोड) या ऑनलाइन परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्न-एमसीक्यू आधारित) देने का विकल्प प्रदान किया गया है। विद्यार्थियों को आठ दिसंबर तक लिखित रूप में परीक्षा के विकल्प का चयन करना होगा। इन परीक्षाओं का अधिमान (वेटेज) कुल मूल्यांकन का 25 प्रतिशत होगा। विश्वविद्यालय 15 दिसंबर से अपनी अंतिम सेमेस्टर परीक्षा आयोजित कर रहा है।

यह निर्णय कुलपति राज नेहरू की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में लिया गया है। इससे पहले विश्वविद्यालय ने अधिसूचित परीक्षा केंद्रों पर बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की थी। जिस पर विद्यार्थियों ने परीक्षाएं फिर से ऑफलाइन मोड में करवाने का अनुरोध किया था।